wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-101 सागवाड़ा, शुक्रवार, 10 दिसम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# साइबर टीम की मदद व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बांसवाड़ा के आरोपी को पकड़ा

## साबला कस्बे में सीमेंट की दुकान में हुई ढाई लाख की चोरी का खुलासा

**साबला।**

डूंगरपुर जिले की साबला थाना पुलिस ने 8 दिसम्बर को साबला कस्बे में सीमेंट की दुकान में हुई ढाई लाख की चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को बांसवाडा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में इसी तरह की चोरी की 5 और वारदाते करना कबूल किया है।

डूंगरपुर जिले के साबला थानाधिकारी मनीष कुमार ने बताया की 8 दिसम्बर को साबला कस्बा निवासी सीमेंट व्यापारी अशोक जैन ने थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमे बताया की था 8 दिसम्बर को वह अपने घर से ढाई लाख रूपये बैंक में जमा करवाने के लिए दुकान पर लाया था। दुकान के काउन्टर पर बैठकर व्यापारी अपनी राशि गिन रहा था। इस बीच कोई ग्राहक सरिये, किली व वायर लेने के लिए आया था इसके बाद व्यापारी ने ढाई लाख की राशि को अपने गल्ले में रख दिया था और ग्राहक को सामान दिखाने के लिए दुकान के ऊपर वाले हिस्से में गया था। 5



मिनिट बाद जब सीमेंट व्यापारी नीचे आया और अपना गल्ला चेक किया तो गल्ले में से ढाई लाख की राशि गायब थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू की। थानाधिकारी मनीष ने बताया की साइबर टीम की मदद व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए बांसवाडा जिले के निचली मोरडी निवासी गोविन्द मीणा को बांसवाडा जिले से आज गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया की पुलिस पूछताछ में आरोपी ने इसी तरह की 5 चोरी की वारदाते करना और कबूला है।

### ये वारदात करना कबूला

आरोपी ने निठाउवा थाना क्षेत्र में किराणा दुकान के काउंटर से 80 हजार रुपए और एक सोने की चैन चोरी करना कबूल किया है। इसी तरह रिछा गांव में पत्थर गोदाम के काउंटर से 20 हजार रुपए चोरी करना, झोंथरी गांव में सीमलवाड़ा रोड पर स्थित ई-मित्र की दुकान के काउंटर से 48 हजार 500 रुपए चोरी, चितरी गांव में साड़ियों की दुकान से 30 हजार रुपये की चोरी, घोड़ी तेजपुर बांसवाडा में कपास व्यापारी से 30 हजार रुपये की चोरी करना कबूल कर लिया है।

### चकमा देकर व्यापारी के काउंटर से चुराता था रुपए

थानाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी गोविंद दुकान के काउंटर पर व्यापारी को 500 रुपए की नोट देकर 30 से 40 रुपए का सामान खरीदने और बकाया पैसा वापस देने के दौरान काउंटर में रखे रुपयों का पता लगा लेते थे। इसके बाद व्यापारी को चकमा देकर काउंटर से रुपए चुरा लेता था। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी मौज-शोक व खर्चे के लिए इस तरह की वारदात करता था।

# शंकर यादव बने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर कोर्ट परिसर स्थित बार सभागार में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए जिसमें वर्ष 2022 के लिए सर्वसम्मति से एडवोकेट शंकर यादव को अध्यक्ष और एडवोकेट शैलेश भंडारी को सचिव चुना गया। बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष और सचिव के नामों की घोषणा पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई वहीं निवर्तमान अध्यक्ष हितेंद्र पटेल सहित अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष शंकर यादव और सचिव शैलेश भंडारी का माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष शंकर यादव ने कहा कि जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं के लिए आवासीय कॉलोनी की मांग लंबे समय से चली आ रही है। इस मांग को पूरा करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी वही कोर्ट परिसर का विस्तार, नए एडवोकेट्स



चैम्बर, लाइब्रेरी स्थापना सहित अधिवक्ताओं की अन्य मांगों को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय ओर सरकार स्तर तक चर्चा करते हुए समाधान के प्रयास किये जाएंगे।

### सबसे बड़ा टीकाकरण महाअभियान शनिवार से

# 1 हजार स्वास्थ पहरी घर-घर देंगे दस्तक

**डूगरपुर।** कोरोना वायरस व नए वेरिएंट ओमीक्रोन के बचाव हेतु जिले मेंकोविड-19 वैक्सीनेशन से वंचित रहे लाभार्थियों का टीकाकरण उनके ही नजदीकी गांव या वार्ड के टीकाकरण केंद्र पर हो इसको लेकर जिला प्रशासन तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा डूँगरपुर में एक बार फिर मेगा कोविड वैक्सीनेशन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला के निर्देशन में शनिवार 11 दिसम्बर को एक बार फिर से मेगा वेक्सीनेशन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्डो में तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,उप स्वास्थ्य केंद्र सहित प्रत्येक गांव में कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए 36 निगरानी टीम का गठन किया गया है जो की जिला व ब्लॉक स्तर पर निगरानी रखेगी। जिला स्तर से 6 टीम का गठन किया है वही ब्लॉक स्तर से 30 टीम का गठन किया गया है।

टीम अपने -अपने क्षेत्र में निगरानी करते हुए शत-प्रतिशत वैक्सीनेशने करवाने के लिए कार्मिको को सहयोग करेगी। में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे इसके लिए विभाग द्वारा 1 हजार से अधिक स्वास्थ पहरी लगाए गए है। जो की पिछले तीन दिन में जिले भर में कोविड टीकाकरण लगवाने के लिए घर-घर दस्तक दे रहे है। उनके द्वारा टीका लगवाने के लिए समझाइश के साथ ही नंजदीक के टीकाकरण केन्द्र की जानकारी भी दी जा रही है। वही शनिवार को टीका लगवाने के लिए बुलावा टोली द्वारा घर-घर बुलावा दिया जाएगा साथ ही 70 नर्सिग छात्राओ द्वारा द्वितीय डोज से वंचित लाभार्थियो को कॉल कर के बुलाया जाएगां। स्वास्थ्य पहरी की टीम में आशा सहयोगिनी, आंगनवाडी कार्यकर्ता, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, कोविड हैल्थ एसीस्टेंट कार्य करेगे साथ ही शनिवर के दिन भी सभी राजस्व गांव में दो-दो की टीम लगाई गई है।

# सरकारी विद्यालयों में नि:शुल्क मास्क वितरण

**रामसौर।** जन शिक्षा एवं विकास संगठन माड़ा की तरफ से शुक्रवार को बिछीवाड़ा उपखण्ड क्षेत्र की राउमावि शिशोद, राउमावि बौखला, राउमावि साबली एवं राउप्रावि गेलन में अध्ययनरत 1500 से अधिक छात्र छात्राओं को संस्थान की तरफ से नि:शुल्क एन 95 मास्क वितरण किए गए। साथ ही नियमित मास्क के उपयोग की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्थान के कृष्णा शर्मा ने बताया कि अब तक संस्थान द्वारा जिले भर में एक लाख से अधिक एन 95 मास्क का वितरण किया जा चुका है। साथ ही कोरोन की तीसरी लहर की रोकथाम व बचाव को लेकर इन दिनों जिले भर नियमित विद्यालयों में मास्क वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर रेखा पाटीदार, शिल्पा पंड्या, सहित पीईईओ ज्योतिबाला डामोर, महेश कुमार शाह, दीपेश चौबीसा सहित एवं शाला परिवार मौजूद रहे।

# ग्रामीण ओलंपिक खेलों को सफल बनाने चलाया संपर्क अभियान



**सागवाड़ा।** राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक खेल 2021 को सफल बनाने के लिए महाविद्यालयों में संपर्क किया।

राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक खेल 2021 में युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उपखंड अधिकारी राजीव द्विवेदी द्वारा बनाए गए दल ने स्वर्गीय भीखा भाई राजकीय महाविद्यालय, ज्ञायक कॉलेज, स्वामी विवेकानंद कॉलेज तथा महिला महाविद्यालय में छात्र छात्राओं से संवाद कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रेरक दल के ओम प्रकाश पुरोहित, कन्हैया लाल व्यास, ओम प्रकाश जोशी ने छात्रों की शंकाओं का समाधान व पंजीयन प्रक्रिया बताते हुए सुगम व सरल तरीके से ग्रामीण ओलंपिक खेल में भाग लेने की जानकारी दी। दल ने युवाओं से संवाद करते हुए बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों में होनहार प्रतिभाशाली खिलाडियों की खोज की इस महती योजना में किसी भी आयु वर्ग व गांव का खिलाड़ी पहले ग्राम पंचायत स्तर पर भाग लेने उपरांत विजेता रहते हुए ब्लॉक स्तर, जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकता है। ग्रामीण ओलंपिक में 6 खेल होंगें जिसमें कबड्डी, टेनिस बॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल व हॉकी में पुरुष और महिला, खो खो में महिला वर्ग तथा शूटिंग बॉल में पुरुष वर्ग भाग ले सकेंगे। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन, प्रोफेसर सुनीता सेंगाडा, प्रोफेसर डॉ दीपक सालवी व प्रोफेसर डॉ धर्मेंद्र पाटीदार ने खेलों के माध्यम से पंचायत स्तर पर होने वाले समागम में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की बात कही। ज्ञायक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लोकेश भट्ट, महिला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दीपिका दोषी व स्वामी विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ दीपक पंड्या ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देते हुए अधिक से अधिक युवाओं को जोडने् आश्वस्त किया।

# राजस्थान में कोरोना के 24 नए केस

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के 24 नए केस मिले हैं। जयपुर, अलवर, उदयपुर, जोधपुर और झुंझुनूं में मिले मरीजों में सबसे ज्यादा 10 केस अलवर के हैं। जयपुर में 7 नए मरीज मिले हैं। राहत की बात ये है कि जयपुर में जो 9 ओमिक्रॉन मरीज मिले थे, उन सभी का गुरुवार को नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद हॉस्पिटल से घर भेज दिया गया है। प्रदेश में आज एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 269 पर पहुंच गई। इसमें सबसे ज्यादा 128 मरीज जयपुर में है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखें तो शुक्रवार को जयपुर, अलवर के अलावा उदयपुर में 4, झुंझुनूं में 2 और जोधपुर में एक केस मिला है। अलवर में जो आज 10 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं, इनमें 9 तो केवल खेड़ली ब्लॉक से हैं। यहां तीन निजी स्कूलों के 5 बच्चे संक्रमित मिले हैं।

एक व्यक्ति किशनगढ़बास में पॉजिटिव मिला है। अलवर मेडिकल टीम ने पॉजिटिव आए मरीजों के ट्रैवल और कॉन्टैक्ट हिस्ट्री खंगालना शुरू कर दिया है। इधर, जयपुर में भी आज जो 7 मरीज मिले हैं, उनमें एक स्कूली बच्ची शामिल है। ये बच्ची पिछले कई दिनों से ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी।

# स्मृति मंच ने जनरल बिपिन रावत एवम शहीदों की दी श्रद्धांजलि

**डूंगरपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश श्रीमाल एवं मंच के पदाधिकारियों द्वारा हेलिकॉप्टर हादसे में शहीद हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका समेत 13 जवानों को पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

प्रदेश संघठन मंत्री मुकेश श्रीमाल ने कहा कि बिपिन जी रावत की क्षति से देश मे उनकी कमी सदैव खलती रहेगी उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कई ऐसे अभूतपूर्व कार्य किये जिस वजह से आज देश मे शांति है।

इस अवसर पर मंच के पदाधिकारि जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पीठ,जिला मंत्री सजी पिल्लई, सरजीत मिश्रा,अनिल चौबीसा दीपक पंचाल एवम डॉ जेसिका सरैया ने दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी।

# महाविद्यालय में हुआ विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम



**सागवाड़ा।** स्वर्गीय भीखा भाई भील राजकीय महाविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ. सोनु शर्मा ने भारतीय संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुऐं मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के निर्वाहन पर जोर दिया। चिखली महाविद्यालय के सह आचार्य एवं प्राचार्य उपेन्द्र कुमार सिंह ने मानवाधिकार दिवस के संदर्भ में प्रारम्भ विस्तार एवं महत्ता पर व्याख्यान दिया। सूचना का अधिकार की जानकारी प्रदान करते हुए अधिकार के प्रारूप, आवश्यकता, प्रक्रिया एवं महत्व संबंधि जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए देश के विकास, अखण्डता एवं सोहार्द को बनाये रखते हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. दीपक सालवी ने किया तथा आभार व्यक्त सुनिता सेंगाडा ने किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र पाटीदार, डॉ. यशपाल बरण्डा, डॉ. गौतम लाल मीणा, वासुदेव बलाई, जयेश गुप्ता, तुषार बरण्डा, संकेत भावसार, कान्तिलाल बामनिया उपस्थित रहे।

# आदर्श, संजीवनी समेत अन्य क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी से ठगी के शिकार निवेशकों ने निकाली रैली

**डूंगरपुर।** जिले में आदर्श, संजीवनी समेत अन्य क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी से ठगी के शिकार निवेशकों ने शुक्रवार को शहर में रैली निकाली साथ ही तहसील चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किय। वही एडीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर निवेशकों के 850 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि वापस दिलाने की मांग रखी है।

एडवाइजर वेलफेयर सोसायटी ट्रस्ट के बैनर तले संजीवनी, आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव समेत कई सोसायटी से ठगी के शिकार निवेशक बादल महल के पास एकत्रित हुए। देवीलाल कोटेड, महेंद्र पंड्या, अरविंद कुमार जैन, योगेशचंद्र रोत के नेतृत्व में रैली निकाली गई। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली पुराना बस स्टैंड से तहसील चौराहा पंहुची। निवेशकों ने चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर जमकर नारे लगाए और भुगतान मांगा।

इसके बाद रैली पंचायत समिति के सामने से होते हुए कलेक्ट्री पंहुची और प्रदर्शन किया। निवेशकों ने प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर 21 लाख निवेशकों के 850 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि को वापस दिलाने की मांग रखी।

ट्रस्ट के गुणवंत कलाल ने बताया कि संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव समेत कई सोसायटी केंद्रीय सहकार विभाग द्वारा पंजीकृत सोसायटी है। इसमें कई लोगों ने अपनी बचत को निवेश किया ताकि समय पर इस राशि का उपयोग कर सके।

लेकिन सोसायटी पर कार्रवाई से लाखों निवेशकों के करोड़ो रूपये फंस गए। सोसायटी के मालिकों को जेल में डाल दिया गया। इसके बाद से भुगतान नहीं हुआ है। कई लोगों की जमा राशि परिपक्व हो गई, लेकिन उनका भुगतान भी नहीं किया है। ऐसे में जिन लोगों ने राशि जमा करवाई उनको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। निवेशकों ने उनकी जमा राशि का भुगतान करवाने की मांग रखी है।

# युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 10 साल के कठोर कारावास

## पोक्सो कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए एक लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही दोषी पर एक लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। 16 अगस्त 2019 को कोतवाली थाने में अपहरण व दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। पोक्सो कोर्ट के विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की जिले के कोतवाली थाने में 16 अगस्त 2019 को पीडिता के पिता ने रिपोर्ट देकर बताया था की उसकी बेटी अपने गाँव से डूंगरपुर शहर में मजदूरी करने आती थी। 23 जुलाई 2019 को पीडिता डूंगरपुर शहर में मजदूरी करने आई थी। शाम को घर जाने के लिए तहसील चौराहे पर टेम्पो स्टैंड पर खड़ी थी। इस दौरान एक कार आई जिसमे चालक के अलावा तीन लोग बैठे थे। जिसमे से एक व्यक्ति को पीडिता पहचानती थी। जिसका नाम वागदरी उपली निवासी किरण उर्फ़ करण डामोर था। किरण ने कहा की वह नलवा जा रहा था वह उसे घर के पास उतार देगा लेकिन पीडिता ने मना किया तो किरण ने उसका हाथ पकड़कर उसे कार में जबरदस्ती बैठा लिया और नलवा न ले जाकर गुजरात ले गया।

आरोपी किरण ने पीडिता को गुजरात में एक घर में रखा और उसके साथ प्रतिदिन दुष्कर्म करता। 11 अगस्त 2019 को पीडिता ने फोन पर अपने पिता को सुचना दी और आप बीती बताई। जिस पर पीडिता के पिता गुजरात गये और उसे अपने साथ डूंगरपुर लेकर आये थे। पीडिता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी किरण को गिरफ्तार किया था और पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया था। इसी मामले में पोक्सो कोर्ट ने आज अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी किरण को दोषी करार देते हुए दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा के साथ एक लाख 15 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।